## खबर संक्षेप

### मार्शल आर्ट में समता स्कूल की छात्रा का चयन



**पांढुर्ना।** गत दिवस जिला स्तरीय शालेय प्रतियोगिता चंदनगांव में संपन्न हुई जिसमें मार्शल आर्ट के लिए स्थानीय समता हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा कू. मनोज दुर्गा भादे का चयन जबलपुर में होने जा रही संभागीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य रामेश्वर देशमुख एवं शालेय स्टाफ ने कु. दुर्गा और उसके माता पिता तथा कोच संदीप उईके को बधाई दी है। संस्था अध्यक्ष महेश कुमार दुबे द्वारा कु. दुर्गा को शुभकामनाएं प्रदान की है।

### महाविद्यालय विकास को लेकर की गई चर्चा

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के जनभागीदारी अध्यक्ष अंकित सोनी के निवास स्थान पर 2 सितंबर मंगलवार को शाम 5:00 बजे जन भागीदारी समिति के सदस्यों के साथ महाविद्यालय प्राचार्य एवं संबंधित स्टाफ की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जनभागीदारी अध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय में खेल मैदान निर्माण को प्राथमिकता देते हुए शासन प्रशासन को महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु खेल मैदान निर्माण के संबंध में पत्राचार करने की बात कही गई, साथ ही खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रमुखता से कार्य करने की बात भी कही गई।

### सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान कर रहे लोगों को खदेड़ा

# आबकारी दल की शहर में कार्यवाही जारी, अंग्रेजी शराब पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में गत दिवस शाम के समय शहर के संपूर्ण आबकारी दल द्वारा मदिरा दुकानों के आसपास लगातार गश्त की गई, दुकानों के आसपास सार्वजनिक स्थानों पर मद्यपान कर रहे लोगों को खदेड़ा गया। सर्वप्रथम कंपोजिट मदिरा दुकान खजरी नाका के आसपास मद्यपान कर रहे लोगों को खदेड़ा गया, बस स्टैंड मदिरा दुकान के आसपास से भी मद्यपान कर रहे लोगों को भगाया गया। कंपोजिट मदिरा दुकान दिवांचीपुरा में भी यही कार्यवाही कर, विगत 4-5 दिवसों में मदिरा दुकानों से दूर स्थित मूंगफली और चना बेच रहे ठेलों में मद्यपान करते पाए जाने पर गुमठी और ठेले वालों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। लगातार कंपोजिट मदिरा दुकान परतला, स्टेशन रोड, सब्जी मंडी, मोहन नगर, चंदनगांव में यह कार्यवाहियां की गई है। शहर में अवैध शराब से संबंधित परिवहन पर भी 72 पाव अंग्रेजी और प्लेन मदिरा को आबकारी द्वारा कब्जे में लेकर प्रकरण दर्ज किए गए। किसी भी मदिरा दुकान पर अवैध अहाते नहीं पाए गए। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री कैलाशचंद्र चौहान, श्री गौरव पांडेय, श्री वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, उप निरीक्षक श्री आकाश मेश्राम, सुश्री रुचि बागरी सहित आबकारी का अमला उपस्थित रहा। आगे यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### इंडिया स्किल प्रतियोगिता-2025 के लिये निःशुल्क पंजीयन प्रक्रिया 30 तक जारी

**छिन्दवाड़ा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य श्री सी.बी.उईके ने बताया कि राज्य में मध्यप्रदेश स्किल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है, इसके अंतर्गत 63 प्रकार की विभिन्न स्किल में प्रतियोगिता का आयोजन पंजीयन के आधार पर जिला संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जायेगा ।विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी द्वारा हर दो वर्ष में विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता "ओलंपिक के सामान" का आयोजन सदस्य देशो में से एक देश में आयोजित की जाती है। वर्ष 2024 में यह प्रतियोगिता ल्योन, फ्रांस में आयोजित की गई एवं आगामी प्रतियोगिता सितम्बर 2026 में शंघई, चाईना में आयोजित होना निर्धारित है। इस अंतर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के लिये प्रतिभागियों का चयन प्रथम स्तर पर मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य कौशल प्रतियोगिता और द्वतीय स्तर पर मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड इंटरप्रीनियरशिप एवं नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन नई दिल्ली द्वारा इंडिया स्किल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जायेगा। आगामी आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए एनएसडीसी के **SIDH PORTAL** (**www.skillindiadigital.gov.in**) पर 22 जुलाई 2025 से निःशुल्क पंजीयन प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 है। पंजीयन में किसी प्रकार की समस्या आने पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्री शिवकुमार सनोडिया, मोबाईल नंबर- 8839988375 से संपर्क किया जा सकता है।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

## गणेश पूजा में घर लौट रहे युवक की सड़क पर मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



घर में बैठी गणेश प्रतिमा के पूजन पाठ के लिए विकासखंड पांढुर्ना के ग्राम मोही लौट रहे युवक की लाश हाईवे पर मिलने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर हादसा, लूट या विवाद, क्या हो सकता है ? इस बारे में पांढुर्ना पुलिस की जांच जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम नंदू नायक है जो ग्राम मोही का स्थायी निवासी है। नंदू रेमंड बोरगांव क्षेत्र में मेहनत मजदूरी का काम करता है और बीच बीच में घर आता रहता है। कल सोमवार को नंदू बोरगांव से अपने घर गणेशजी की स्थापित प्रतिमा की पूजा के उद्देश्य से ग्राम मोही आने के लिए निकला। रात्रि में नंदू ने ग्राम तिगांव से अपने घर मोबाईल पर बताया कि वह एक एक पिकअप वाहन में सवार है और थोडी देर में घर पहुंच जाएगा। लेकिन देर रात्रि तक नंदू घर नहीं पहुंचा और उसका मोबाईल भी कवरेज से बाहर बता रहा था। नंदू के परिजन रातभर परेशान रहे। सुबह जब नंदू के परिजन पुलिस थाना में गुमशुदा की रपट दर्ज करने पहुंचे तो पुलिस ने बताया कि ग्राम मोही के थोडा से आगे सडक पर एक व्यक्ति की लाश मिली है। इसके बाद नंदू के परिजनों ने लाश की शिनाख्त कर ली। मृतक भाई परमेश ने नंदू की मौत को संदिग्ध बताया है और पुलिस से मांग की है कि वह जस पिकअप में सवार था उसे पकडकर पूछताछ की जाए। सवाल उठता है कि नंदू जब ग्राम मोही के लिए तिगांव से बैठा तो वह मोही टी पॉइंट पर क्यों नहीं उतरा ? और इस स्थान से कुछ आगे जाकर उसका सडक पर चोटिल दशा में शव प्राप्त मिला। मृतक के शरीर पर लगी चोटें हादसे की वजह से है या और किसी कारण से यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

### चौरई जनपद अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ब्लॉक ओरिएंटेशन का हुआ आयोजन

**चौरई** : नगर के अन्नपूर्णा लॉन में जनपद पंचायत के माध्यम से आदि कर्मयोगी अभियान उत्तरदायी शासन कार्यक्रम के तहत ब्लाक ओरिएंटेशन, प्रोसेस लैब एवं वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए चयनित अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत सीईओ तरुण राहंगडाले एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार बघेल के साथ मास्टर ट्रेनर के द्वारा परिचय के साथ शुरू किया गया । प्रशिक्षण को आगे बढ़ाते हुए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री ल लक्ष्मीकांत शर्मा की मॉनिटरिंग में अभियान अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियां एवं समूह एक्टिविटी कराई गईं, जिसमें शुरुआती एक्टिविटी में बताया गया कि "आइए हम अंधेरे को श्राप न दें, आइए हम प्रकाश लाते हैं" का संदेश देने के लिए प्रतिभागियों को मोमबत्ती जलाकर एक्टिविटी संपन्न की गई । इसी के साथ ही नाटक की गतिविधि एवं व्यवहारिक गतिविधि के साथ जिज्ञासा के प्रश्नों का समाधान ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर शिक्षक मदन ठाकुर, कृषि विस्तार अधिकारी टिंकू उसरेठे, सहायक विकास अधिकारी मनोज निर्मलकर, वनपाल अहलशा उईके, महिला बाल विकास विभाग से संध्या इवनाती के द्वारा कराई गई। प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए चौरई जनपद पंचायती अध्यक्ष सरोज रघुवंशी, श्री वीरपाल इनवाती और श्री कमलेश वर्मा ने पहुंचकर मार्गदर्शन दिया।

## सांसद बंटी साहू परासिया को देंगे 38 करोड़ के कार्यों की सौगात

### परासिया आएगा मंधान का पानी, स्टेशन रोड बनेगी माडल रोड



**परासिया** :- जिले के सांसद विवेक बंटी साहू बुधवार को परासिया को 38 करोड़ रूपयों के निर्माण कार्यों की सौगात देंगे । नगर पालिका परासिया के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वे 38 करोड़ रूपयों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे । मंधान बांध से परासिया पानी लाने की पाईप लाईन डालने , मयूर वन की पुलिया निर्माण , स्टेशन रोड की माडल सड़क निर्माण , एमआरएफ सेंटर के उन्यनीकरण और नाले के पानी के ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य का वे भूमिपूजन करेंगे ।नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया कि अमृत 2.0 परियोजना के तहत लगभग 21 करोड़ रूपयों की लागत से जल आवर्धन योजना का सांसद भूमिपूजन करेंगे । इसमें फ्लोटिंग इंटेक , रा - वाटन राईजिंग मेन पाईप लाईन 13 किलोमीटर , उच्चस्तरीय टंकी , डिस्ट्रीब्यूशन लाईन 9 किमी , निजी नल कनेक्शन के काम होंगे । स्वच्छ भारत मिशन के तहत नाले के पानी के ट्रीटमेंट के लिए एलडब्लयुएम का कार्य साढे ग्यारह करोड की लागत से किया जाएगा । इसमें सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, चेक डेम , नाला निर्माण , नाली निर्माण का काम होगा । मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास चतुर्थ चरण के अंतर्गत विकास कार्य निर्माण चार करोड़ नौ लाख की लागत से किया जाएगा । इसमें गुरु गोविंद सिंह चौक से स्टेशन रोड तक की सड़क चौड़ीकरण , सेंटल लाईटिंग , नाली निर्माण, पेवर ब्लाक, मयूर वन पुलिया का निर्माण कार्य , शवदाह गृह निर्माण और 'प्रार्थना भवन बनाया जाएगा ।स्वच्छ भारत मिशन टू के तहत एमआरएफ सेंटर उन्नयनीकरण कार्य एक करोड 34 लाख की लागत से किया जाएगा । इसमें एमआरएफ सेंटर निर्माण , कंपोस्ट पिट निर्माण , आवश्यक मशीनरी लगाई जाएगी । नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सांसद विवेक बंटी साहू नगर को सौगात देने जा रहे हे । उन्होंने इस भूमिपूजन कार्यक्रम में लोगों से उपस्थिति की अपील की है ।

## न्यूटन वार्ड 2 को मिला नया आंगनबाड़ी भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर परिषद न्यूटन चिखली द्वारा मंगलवार को वार्ड क्रमांक 02 में नवनिर्मित ऑगनवाड़ी भवन महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपी गई । सर्वसुविधायुक्त आंगनबाड़ी भवन को प्राप्त कर वार्ड की महिलायें , बच्चे व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता , स्वास्थ्य कार्यकर्ता बहुत प्रसन्न हुये । यह कार्यक्रम अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय , उपाध्यक्ष संतलाल यादव , पार्षद कविता यदुवंशी , ज्योति यदुवंशी , सीमा रूपेश इरपाची , राहुल सराठी आदि जनप्रतिनिधियों द्वारा गणमान्य नागरिकों , मुख्य नगरपालिका अधिकारी राहुल कुमार कौरव , उपयंत्री आरती तेकाम , रंजीत अहाके , अजय शंकर भारती , बृजेश मालवी , सचिन सोनी , अजय मारवाड़ , सतीश सोनी ऑगनवाडी व स्वास्थ्य कार्यकताओं की उपस्थिति में किया गया ।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत 08 ऑगनवाड़ी केन्द्रों में से 05 ऑगनवाडी केन्द्रों का निर्माण कार्य निकाय द्वारा पूर्ण करवा दिया गया है । इसमें से 04 ऑगनवाड़ी केन्द्र पूर्व में ही निकाय द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंप दिये गये हैं ।
मंगलवार को वार्ड क्रमांक 02 के नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से वार्ड क्रमांक 02 की आँगनवाड़ी माया डेहरिया को सौंपा गया । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निकाय को निर्माण हेतु सौंपें गये शेष भवनों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है । जिनका कार्य निकाय द्वारा शीघ्र ही पूर्ण करवाकर विभाग को सौंप दिया जायेगा।

### चिराग ने कराटे में जीता गोल्ड मेडल



**पांढुर्ना।** गत दिवस बालाघाट में संपन्न कराटे प्रतियोगिता में यहां के रामशांति विद्यामंदिर शाला के छात्र चिराग बतरा गोल्ड मेडल हासिल कर अपने माता पिता, शाला एवं शिक्षकों के साथ पांढुर्ना जिले का नाम रोशन किया। शाला चेयरमेन सुभाष बुधराजा, डायरेक्टर शिवम बुधराजा, प्राचार्य चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले तथा खेल प्रशिक्षक प्रवीण वाघमारे ने चिराग के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## ढाई दिन के पूजा अनुष्ठान के बाद संपन्न महालक्ष्मी पूजन





**छिंदवाड़ा। शिक्षक कॉलोनी निवासी दीपम भोयरकर और सुरेश पाटने के निवास पर विराजी महालक्ष्मी ज्येष्ठा और कनिष्ठा।**

## सामुदायिक सहयोग और प्रशासनिक तत्परता से बची मां की जान

**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले के अनुभाग हर्रई के ग्राम ऊंचाखेड़ा की नव प्रसूता श्रीमती सकलवती की यह कहानी केवल एक मां को बचाने की नहीं हैं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं, सामूहिक प्रयासों, प्रशासनिक और स्वास्थ्यकर्मियों की तत्परता से संकट की घड़ी में मिली सफलता की है। पृष्ठभूमि ग्राम पंचायत मढ़ी के ग्राम ऊंचाखेड़ा की एक 23 वर्षीय ए.एन.सी. महिला सकलवती ने 01 सितंबर 2025 की शाम लगभग 5:00 बजे अपने घर ऊंचाखेड़ा में एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के दौरान बर्थ कैनाल फटने से उन्हें अत्यधिक रक्तस्राव शुरू हो गया। उनका घर अत्यंत दूरस्थ क्षेत्र में होने के कारण उन्हें तुरंत सब हेल्थ सेंटर या अस्पताल नहीं ले जाया जा सका। चुनौतियां और सामूहिक प्रयास - जैसे ही स्वास्थ्यकर्मियों को इसकी जानकारी मिली, उन्हें सब-सेंटर लाने के प्रयास शुरू किए गए। उस समय तेज बारिश हो



रही थी, बिजली नहीं थी, नेटवर्क नहीं था और सभी के फोन डिस्चार्ज थे। ऐसी परिस्थिति में भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता ए.एन.एम ने साहस दिखाते हुए स्कूटी से वहां पहुंचने का प्रयास किया। चूंकि उस दिन साप्ताहिक हाट बाजार था, क्षेत्र के अधिकांश लोग वहां मदद के लिए उपलब्ध नहीं थे। इस कठिन परिस्थिति में स्थानीय लोगों, एसडीएम अमरवाड़ा, श्री अंगारिया और ग्राम पंचायत मढ़ी के सरपंच के सामूहिक प्रयासों से रात लगभग 7.30 बजे एक ट्रैक्टर की व्यवस्था हो सकी । रात में लगभग चार घंटे के प्रयासों के बाद उन्हें गाँव से चिलक सब-सेंटर तक लाया जा सका। रास्ते में लगातार फोन नेटवर्क से संघर्ष कर स्वास्थ्य टीम और कलेक्टर श्री सिंह को स्थिति से अवगत कराया जाता रहा। रात लगभग 12.30 बजे जब अस्पताल की ओर ट्रैक्टर आ रहा था, तो 2 किलोमीटर पहले ही वह रास्ते में फँस गया। तब महिला के परिजनों, ड्राइवर और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक अस्थाई स्ट्रेचर बनाकर कंधों पर उठाकर सकलवती को रात लगभग 2 बजे सब-सेंटर तक पहुँचाया गया। स्वास्थ्य विभाग की तत्परता - सब-सेंटर पर स्वास्थ्यकर्मी पहले से ही आपातकालीन दवाओं और आईवी फ्लूइ्स के साथ मौजूद थे। वहाँ सकलवती को स्थिर किया गया, आईवी दवाएँ दी गईं और फिर एंबुलेंस से रात में महिला को हेल्थ टीम के साथ बटकाखापा अस्पताल भेजा गया।

## पूर्व सीएम कमलनाथ दुबई से कह रहे झूठ

### श्रेय लेने की ओछी राजनीति कर रहे कमलनाथः सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिन्दवाडा और पांढूर्णा में वर्षो से लम्बित विभिन्न विकास कार्य केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार के सहयोग से किए जा रहे है। लेकिन हर विकास कार्य में शेख कमलनाथ द्वारा ओछी राजनीति करते हुए श्रेय लेने का प्रयास किया जा रहा है, जोकि गलत है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि छिन्दवाडा शहर में ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर उनके द्वारा विभागों के मध्यम से कार्ययोजना तैयार कराई जा रही है। जिसे लेकर पिछली 26 और 27 जुलाई को विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली गई थी।

सांसद श्री साहू ने बताया कि पिछले दिनों मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से छिन्दवाड़ा में फोरलेन की मांग के संबंध में चर्चा के दौरान छिन्दवाड़ा में ओवर ब्रिज बनाने को लेकर बात भी हुई थी। जिस पर श्री गडकरी ने सकारात्मक जवाब देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया था। छिन्दवाड़ा शहर में बढ़ते यातायात को देखते हुए यहां पर ओवर ब्रिज बनना जरूरी हो गया है। जिसे लेकर मेरी पूर्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी चर्चा हुई थी। उन्होंने भी सकारात्मक जवाब देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा जताया है। सांसद श्री साहू ने कहा कि दुबई में बैठे शेख कमलनाथ को छिन्दवाड़ा की जनता से कोई मतलब नहीं है। वे सिर्फ श्रेय लेने की राजनीति कर रहे है, जो कि गलत है। पिछले कुछ महीनों में ना तो उन्होंने अपने किसी कार्यकर्ता से मुलाकात की है और ना ही विधायक होने के नाते आम जनता की समस्या सुनी है। छिन्दवाड़ा शहर में ओवर ब्रिज का निर्माण मेरी प्राथमिकताओं में है। जल्द ही इसके रिजल्ट आमजनों के सामने दिखाई देंगे।

#### सांसद ने छिन्दवाड़ा शहर में फ्लाई ओवर और नेशनल हाईवे को लेकर दिए थे निर्देश

सांसद बंटी विवेक साहू ने पिछली 26 और 27 जुलाई को विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली गई थी। जिसमें उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, सड़क विकास प्राधिकरण और नेशनल हाईवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्रमवार बैठके लेते हुये उनसे छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले में होने वाले विकास कार्यों सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की थी। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को छिन्दवाड़ा शहर में बढ़ते हुये यातायात के दबाव को देखते हुये शहर में फ्लाई ओवर की कार्ययोजना थ्रीडी और स्टीमेट के साथ तैयार करने के लिए कहा था। साथ ही छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले में स्थित नेशनल और स्टेट हाईवे में चिन्हित ब्लैक स्पार्ट और रेलवे क्रासिंग में फ्लाई ओवर व अंडर ब्रिज बनाने की कार्ययोजना स्टीमेट सहित बनाने के लिए कहा था।

#### सांसद ने दिशा की बैठक में भी दिए थे निर्देश

उल्लेखनीय है कि पिछली 28 अगस्त को कलेक्ट्रेड सभा कक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा) की बैठक में सांसद बंटी विवेक साहू ने लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, सड़क विकास प्राधिकरण और नेशनल हाईवे के वरिष्ठ अधिकारियों से भी शहर में फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर कार्ययोजना की तैयारी की समीक्षा की थी। इस दौरान अधिकारियों ने सांसद श्री साहू को कार्ययोजना तैयारी को लेकर संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जल्द से जल्द शहर में फ्लाई ओवर की कार्ययोजना थ्रीडी और स्टीमेट के साथ तैयार करते हुए उन्हें देने के निर्देश दिए थे।

### खाटू श्याम कीर्तन संध्या का आयोजन आज

**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 में महाकाल सेवा समिति द्वारा विराजित किए गए भगवान श्री गणेश पंडाल में 3 सितंबर बुधवार को शाम 7:30 बजे से पार्श्व सर्व एकादशी के उपलक्ष में खाटू श्याम कीर्तन संध्या का आयोजन रखा गया है जिसमें छिंदवाड़ा एवं जुन्नारदेव के कलाकार खाटू श्याम भजनों की शानदार प्रस्तुति देंगे महाकाल सेवा समिति ने समस्त धर्म प्रेमियों से खाटू श्याम भजन कीर्तन का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।




## संस्कृति मंत्री से मिला विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल का प्रतिनिधि मंडल

# गरबा में न हो फूहड़ता और अश्लीलता: विहिप-बजरंग दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नवरात्रि में होने वाले गरबा महोत्सव में होने वाली गड़बड़ी और अनियमितता को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने गंभीरता से लिया है। बजरंग दल के विभाग संयोजक शैलेश यदुवंशी,विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री रूपेश लांजीवार,जिला बल उपासना प्रमुख रितेश वर्मा ने मंगलवार को मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग के राज्यमंत्री धर्मेंद्र भावसिंह लोधी को गरबा में सुधार के लिए ज्ञापन दिया।

बजरंग दल के विभाग संयोजक शैलेश यदुवंशी,विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री रूपेश लांजीवार,जिला बल उपासना प्रमुख रितेश वर्मा ने बताया कि नवरात्रि में गरबों में होने वाली अनियमितताओं को लेकर संस्कृति मंत्री से मिले है। उन्हें बताया कि प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी नवरात्र में भिन्न-भिन्न संस्थाओं द्वारा गरबा का आयोजन किया जाता है , लेकिन आज हमारे इस पवित्र धार्मिक आयोजन का पश्चिमीकरण किया जा रहा है। गरबे में युवक युवतियां देवी देवता के स्वरूप में अश्लील गानों में फूहड़ नृत्य करते हैं एवं आज के दिनों में गरबा पंडालों द्वारा गरबा में भिन्न-भिन्न प्रकार की थीम का आयोजन किया जाता है। जिसमें मुख्यतः बॉलीवुड एवं नियॉन थीम का हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।बॉलीवुड थीम में युवक युवतियां बॉलीवुड किरदारों में बनकर आते हैं एवं अश्लील गानों में नृत्य करते हैं। ऐसे कृत्यों से हिंदू अपनी त्यौहार मनाने की परंपराओं से पूरी तरह विमुख हो रहा है एवं उसके लिए नवरात्र जैसे पवित्र त्यौहार सिर्फ एक नृत्य एवं मनोरंजन के दिवस बनकर रह गए हैं। इसमें सबसे खतरनाक हमारे त्यौहार को पूरी तरह बर्बाद करने वाली थीम है नियॉन थीम।इसमें युवक युवतियां अपने शरीर पर नियॉन कलर पोतकर आते हैं जो कि अंधेरे में एक विशेष लाइट पड़ने पर चमकता है। गरबा पंडालो में घना अंधेरा किया जाता है एवं एक विशेष प्रकार की लाइट युवक युवतियों पर डाली जाती है।विदेश में डिस्को पब कल्चर में ऐसी थीमों का आयोजन किया जाता है।जिससे एक प्रकार से हमारे पवित्र गरबा पंडाल एक पब एवं डिस्को के रूप में मनोरंजन एवं फूहड़ नृत्य का केंद्र बन गए हैं और कुछ नहीं।विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल ने निवेदन किया है कि उपरोक्त समस्या के समाधान हेतु निम्न बिंदुओं का पालन किया जाए। जैसे कि गरबा पंडालों में फिल्मी एवं अश्लील गानों में पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाए। पाश्चात्य संस्कृति से संबंधित किसी भी प्रकार की थीम विशेष कर नियॉन थीम या इसके जैसे दिखने वाली किसी अन्य नाम से ऐसी किसी भी प्रकार की थीम का आयोजन न हो जिससे हमारा पवित्र त्यौहार अपनी शुचिता न खोए। गरबा पंडालों में हिंदू ही गरबा में सम्मिलित हो सके ऐसा नियम हो जिसके लिए आधार कार्ड चेकिंग का प्रावधान किया जाए क्योंकि विधर्मियों के ऐसे आयोजन में आने से लव जिहाद जैसी घटनाओं को बढ़ावा मिलता है।

## घर घर विराजे लंबोदर



छिंदवाड़ा। परासिया रोड माली मोहल्ला नोनिया करबल में सूरज सातपुते के निवास पर विराजी भगवान श्रीगणेश की आकर्षक प्रतिमा। यहां रोजाना सुबह-शाम आरती में लोगों की भीड़ एकत्रित हो रही है।



दमुआ नं. 08, वार्ड नं.10 के गाठे परिवार में विराजे श्री गणेश की प्रतिमा।



पिपलानारायणवार में घर घर महालक्ष्मी विराजी।

## प्राकृतिक खेती अपनाकर रोल मॉडल बने राहुल वसूले




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के खजरी गांव के राहुल कुमार वसूले आज एक प्रगतिशील कृषक हैं। इसके साथ-साथ वे गौ आधारित खेती के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले नायक भी हैं। कभी 15 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर नौकरी करने वाले राहुल ने इंजीनियरिंग और प्रबंधन की पढ़ाई करने के बाद पावर प्लांट में कार्य किया।

लेकिन परिवार के स्वास्थ्य पर रसायनिक खेती के दुष्प्रभावों को देखकर उन्होंने नौकरी छोड़ दी और गौ आधारित व प्राकृतिक खेती की राह चुनी।बी.टेक और एम.बी.ए. की शिक्षा लेने के बाद राहुल ने लगभग 15 वर्षों तक पॉवर प्लांट में कार्य किया, लेकिन अपने पिता और पुत्र को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में खोने के बाद उन्होंने महसूस किया कि इन समस्याओं की मूल जड़ रासायनिक खेती से पैदा हुआ अनाज और सब्जियां हैं।

इस गहरी सोच के बाद उन्होंने वर्ष 2018 में अपनी नौकरी छोड़कर गौ आधारित खेती करने का फैसला किया।गौ आधारित खेती को समझने और इसे प्रभावी ढंग से अपनाने के लिए राहुल ने राज्य सरकार एवम् केंद्र सरकार की मदद से देश के विभिन्न संस्थानों और वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन लिया। उन्होंने जीवामृत, घनजीवामृत, केंचुआ खाद और नीमास्त्र , ब्रमहत्र जैसे कई उत्पाद तैयार करना सीखा। साथ ही इज़राइल की तकनीक से संरक्षित खेती और मशरूम उत्पादन जैसे आधुनिक तरीके भी अपनाये।राहुल की प्रगतिशीलता से उन्हें 1 से 3 दिसंबर 2024 तक पूसा, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में उन्हें 'मिलेनियर फॉर्मर ऑफ इंडिया 2024' जैसे प्रतिष्ठित नेशनल अवॉर्ड से मा नितिन गड़करिजी द्वारा सम्मानित किया गया। वर्ष 2022 में आगरा में उन्हें जैविक इंडिया अवार्ड मिला।

वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भारतीय किसान संघ का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार स्व प्रभाकर राओ केलकर गौ आधारित जैविक अवार्ड से भी राहुल को सम्मानित किया गया।प्राकृतिक खेती का मॉडलश्री राहुल के पास 10 एकड़ भूमि है, जहां वे गेहूं, ज्वार, बाजरा, रागी, चना, मूंग, और सब्जियों की खेती करते हैं। उन्होंने प्राकृतिक खाद और जैविक तरीकों का उपयोग कर अपनी उपज की गुणवत्ता को बेहतर बनाया।

## महिलाओं ने किया भारतीय संविधान का अध्ययन



**सौंसर**। भारतीय संविधान के वाचन कार्यक्रम का समापन समारोह भारतीय संविधान पर आधारित संगोष्ठी के साथ संपन्न हुआ। संविधान वाचन मानवता का संदेश टीम के द्वारा किया गया था। समापन अवसर परमुख्य अतिथि एड.विनोद धनराज,ने संविधान की महत्ता पर जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय संविधान न केवल हमारे मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक है, बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा भी है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संविधान के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। मदन बंसोड ने कहा कि संविधान वाचन से नागरिकों में संवैधानिक चेतना का विकास होता है और यह देश की एकता व अखंडता को मजबूत करता है।कार्यक्रम में संविधान वाचन के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार का वित्तरन किया गया।आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति देशभरतार ने किया।

## योग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई कला

**सौंसर**। बच्चों का खेलकूद के प्रति रुझान बड़े और बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा बाहर निकाल कर आए इसे श को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को खेलकूद कलैंडर के अंतर्गत विकासखंड योग प्रतियोगिता सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सौसर के तत्वाधान में नगर के अन्नाभाऊ साठे भवन में संपन्न हुई। प्रतियोगीता का शुभारभमां सरस्वती पूजन के साथ सहायक संचालक शिक्षा अधिकारी सुश्री रश्मि कुसरे,सांदीपनि विद्यालय प्राचार्या शैलजा बत्रा, विकासखंड खेल प्रभारी मिलिंद चारे ,नोडल अधिकारी बाबा खान के द्वारा किया गया।आयोजन को संबोधित करते हुए सहायक सहायक संचालक शिक्षा अधिकारी सुश्री रश्मि कुसरे मैडम ने कहा योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि यह हमारे शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक विकास का मार्ग है,यह हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति को एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्राचार्या शैलजा बत्रा मैडम ने कहा योग से हमें कई लाभ मिलते हैं या हमारे शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, हमें बीमारियों से दूर रखता है,इसके अलावा योग हमारे मन को शांत और एकाग्र बनता है तनाव कम करता है।नोडल अधिकारी बाबा खान ने कहा आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग और भी महत्वपूर्ण हो गया है। यह हमें प्रकृति से जोड़ता है और हमें एक स्वस्थ और सुखी जीवन जीने का अवसर देता है।

### पूज्य भदंत धम्मशिखर करेंगे नेतृत्व

## महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन की धम्म मशाल रैली कल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन हेतु परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की जन्म स्थली से 20अगस्त 2025से प्रारंभ विशाल धम्म मशाल यात्रा का 4सितंबर 2025को कटंगी में होगा आगमन महेंद्र हिरकने अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ तहसील शाखा कटंगी ने जारी बयान में बताया की तथागत बुद्ध को बोधगया में सम्यक ज्ञान की प्राप्ति हुई थी देवनामप्रिय सम्राट अशोक ने अपने मौर्य वंश के शासन काल में बोध गया में महाबोधी महाविहार बोधगया का निर्माण किए उक्त स्थान भारत ही नहीं अपितु दुनिया भर के समूचे बौद्धअनुयायियों के श्रद्धा का केंद्र है विश्व धरोवर महाबोधी महाविहार बोधगया का प्रबंधन बौद्धों कानूनी तौर पर प्राप्त करने हेतु सर्वप्रथम अनागरिक धम्मपाल जी ने सन् 1895में कलकत्ता न्यायालय में याचिका पेश की तत्कालीन समय पर अग्रेजों की हुकूमत थी आजादी का आंदोलन चल रहा था भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अनागारिक धम्मपाल जी को आश्वासन दिया कि भारत आजाद होने पर महाबोधी महाविहार बोधगया बुद्धिस्ट समुदाय को सौंपा जाएगा सन 1947को भारत आजाद हुआ कांग्रेस सरकार ने बौद्धों के साथ छल कपट कर भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसादजी के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया और उसी समिति की अनुशंसा पर बिहार सरकार ने*बोधगया महाबोधी महाविहार (मंदिर) प्रबंधन एक्ट 1949बनाए और उसमें 4 गैर बुद्धिस्ट 4 बुद्धिष्ट और 1 पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होगा जिसकी वजह से महाबोधी महाविहार बोधगया का प्रबंधन पूर्ण रूप बौद्धों के हाथों में हो इस बात को मद्देनजर रख BT Act 1949 के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में रिट पिटिशन क्रमांक 380/2012भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाईं जी ने पेश की थी उक्त याचिका प्रस्तुत करने के 6वर्ष पश्चात पूज्य भदंत धम्मशिखर जी (बालाघाट) ने उक्त याचिका के समर्थन पर अन्य साक्ष्यों के साथ वर्ष 2018को इंटरवेशन पिटिशन सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में पूज्य भदंत आर्य नागार्जुन के द्वारा प्रस्तुत रिट पिटिशन के समर्थन में पेश की!महाबोधी महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के तत्वाधान में 11मार्च 2025को पूज्य भदंत धम्मशिखर जी बालाघाट के नेतृत्व में BTAct 1949को रद्द करने विशाल रैली आयोजित की गई जिसमें बालाघाट के दूर सुदूर अंचल के लोगों ने हजारों की तादात में शरीक हुए!महाबोधी महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के द्वारा 10जुलाई 2025से प्रारंभ अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में सैकड़ों उपासक उपासिकाओ के साथ उपस्थित रहे देशव्यापी आंदोलन बनाने व शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने 13जूलाई से 20जुलाई तक आमरण अनशन किए समूचे जिले के उपासक उपासिकाओ व पदाधिकारियों के निवेदन पर पूज्य भदंत धम्मशिखर जी ने 20जुलाई 2025को आमरण अनशन को समाप्त किए पूज्य भदंत धम्मशिखर बालाघाट द्वारा सुप्रीम कोर्ट में नियत पेशी तिथियों में अपने अधिकृत अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में प्रकरण विचाराधीन है डी डी गजभिए नगर अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ नगर शाखा कटंगी ने जारी बयान में बताया की महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन को लेकर देशव्यापी आंदोलन प्रारंभ हो चुका है पूज्य भदंत धम्मशिखर जी के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी मशाल रैली प्रारंभ होकर 3सितम्बर कटंगी 4सितंबर तिरोड़ी

प्रज्ञा दीप बुद्ध विहार कटंगी की अध्यक्ष मंजू दिनेश ऊके ने जारी बयान में बताया की महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति हेतु विशाल शांति धम्म मशाल यात्रा परमपूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की जन्म स्थली महू इंदौर से 20अगस्त 2025को पूज्य भदंत धम्मशिखर जी बालाघाट के नेतृत्व में विशाल रैली प्रारंभ हुई उक्त ऐतिहासिक धम्म मशाल रैली पूज्य भदंत धम्मशिखर जी बालाघाट के नेतृत्व में कटंगी में 4सितंबर 2025को शाम 5बजे डॉ अंबेडकर चौंक कटंगी में आगमन होगा महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के संबंध में वक्ताओं के द्वारा उद्बोधन होगा तमाम बौद्ध उपासक उपासिकाओ से पुरजोर निवेदन है की अधिक से अधिक तादात में शरीक होकर कार्यक्रम को सफल बनाये

## नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विशेष खेलों का आयोजन

**वारासिवनी**। जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। यह दिवस हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुभारंभ विद्यालय प्रभारी प्राचार्य रणवीर सिंह द्वारा मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रातःकालीन सभा में विद्यालय के छात्र और छात्राओं द्वारा खेल का जीवन में महत्व और मनोरंजन के रूप इसकी भूमिका पर प्रस्तुति दी गई। प्रभारी प्राचार्य श्री सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद न केवल भारत के बल्कि पूरे विश्व के महानतम खिलाड़ियों में से एक थे। उनका जीवन खेल भावना, अनुशासन और राष्ट्र भक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने अपने खेल कौशल से भारतीय हॉकी को विश्व पटल पर ऊँचाई प्रदान की। हमें उनसे यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, आपसी भाईचारा और स्वस्थ समाज का भी आधार है।

### किसानों कि सुनी समस्या, निराकरण निकाल व्यवस्था बनाने नगर परिषद को दी हिदायत

## लांजी बाजार निर्माण स्थल निरिक्षण पर पहूंचे विधायक राजकुमार कर्राहे

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर परिषद लांजी अंतर्गत लगने वाले साप्ताहिक बाजार जों कि ग्राम पंचायत बिसोनी के वार्ड क्रमांक 10 मे स्थित है और यह बाजार विगत कई वर्षो से अपने अस्तित्व पर आंसु बहा रहा है। वहीं इस बाजार से नगर परिषद प्रतिवर्ष ठेका देकर करोडों रूपये कमा रही है। फिर भी इस बाजार का आज तक नगर परिषद द्वारा कोई विकसित कार्य नहीं किया गया। वहीं साप्ताहिक बाजार रविवार को लगाया जाता है जहां इस बाजार मे क्षेत्र के एवं आसपास के व्यापारी इस बाजार में व्यापार करने आते है जिनकि दूकान लगाने कि व्यवस्था आज तक नगर पालिका द्वारा नहीं बनाई गई। इसी समस्या को देखते हुए नगर परिषद लांजी के द्वारा साप्ताहिक बाजार में निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं जिसमें बाजार कि बाउंड्री से लेकर दूकान लगाने का स्थान एवं रोड निर्माण हेतू कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है परन्तु बाजार के आस पास किसानों कि खेती होने के कारण बाजार मे बन रही बाउंड्रीवाल सेकिसानों के खेत में आने जाने का रास्ता न मिलने से नाराज़ किसान विधायक राजकुमार कर्राहे के गृह निवास पर समस्या लेकर पहूंचे। विधायक श्री कर्राहे ने किसानों को आसवाशन दिया और



मौके पर पहूंच कर स्थिति देखने कि बात कहीं। दिनांक 2 सितम्बर को क्षेत्रिय विधायक श्री कर्राहे एवं नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कालबेले नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, सभापति किशोर रामटेक्कर, संजु खोब्रागडे, लिलाधर डोलस, श्री गोस्वामी, धनेश दुरूगकर, सालिक रामटेक्कर सहित अन्य किसान मौके पर उपस्थित रहें। वही क्षेत्रिय विधायक श्री कर्राहे ने उपस्थित सभी किसानों के साथ बाजार के चारों ओर घुमकर निरक्षण किया। मौके पर उपस्थित सी एम ओ मयूर वाहने एवं उपयंत्री अमित नगपूरे को आदेशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार कि असुविधा नहीं होना चाहिए इनके खेतों मे पहूंचने के पूर्व व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। बाजार मे चल रहे निर्माण कार्य कि जानकारी देते हुए उपयंत्री अमित नगपुरे ने बताया कि, बाजार मे चल रहे निर्माण कार्य मे सभी व्यापारियों के लिये 19 दूकाने निकाली जा रही है जिसमें मिट मार्केट, फिस मार्केट और पुराने जो दूकाने है जिनमे उपर सेड नहीं है उसमे सैड लगाने का कार्य तथा कुछ नये चबुतरों का भी निर्माण किया जायेंगा। बाजार का सम्पूर्ण निर्माण का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। पूरे बाजार का निर्माण कार्य लगभग 3 करोड़ रूपयों से किया जाना है।

### मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ उकवा ने किया आयोजन

## ऐतिहासिक आयोजन में अनेक प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**हरिभूमि न्यूज उकवा**। उकवा नगर में मध्यप्रदेश श्रम जीवी पत्रकार संघ उकवा के बैनर तले भव्य पत्रकार सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया ,जिसकी हर किसी ने दिल से सराहना की,इस आयोजन में जिले भर के पत्रकार सम्मिलित हुए,एवं अपने अपने विचार व्यक्त करने के साथ साथ ग्रामीण प्रतिभावान बच्चे एवं संस्थान एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अनेक व्यक्तियों को सम्मानित किया गया,जो उकवा नगर के इतिहास में पहली बार हुआ।



आयोजन में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश श्रम जीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष इंद्रजीत भोज,बैहर विधायक संजय कुमार उईके,जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे,नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज ब्रह्मे,सामाजिक कार्यकर्ता तपन राजा चौधरी,पत्रकार संघ के महासचिव ओमेंद्र बिसेन,पत्रकार देवदत्त धनेश्वर,विशाल महानंदा,विनोद चिपेश्वर,रजनीश राहंगडाले,बिशन नगपुरे,नईम खान,पवन वैध,हितेश अजित,अंकुश चौहान,अधिवक्ता अजय बिसेन,ग्राम सरपंच अनुसुइया क्षत्रिय,सरपंच जगनटोला शिव कुमार,सरपंच बिठली अर्जुन मरकाम,सरपंच गुदमा मालती वरकड़े,उपसरपंच शिवशंकर तिवारी,पूर्व सरपंच सोमवती मेरावी,जनपद सदस्य धारा सिंह मर्सकोले,जनपद सदस्य रीता फूलोंके,कृष्णा खागर,ग्राम उकवा एवं आस पास ग्रामों के समस्त पंचगण उपस्थित थे।

इस आयोजन में इस वर्ष दस वी, बारहवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मान किया,जिसे पा कर सभी बच्चे हर्षित हुए, और उनके माता पिता ने भी आयोजन की सराहना कर आयोजक संस्था की तारीफ कर भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करने हेतु आग्रह किया ,ताकि ग्रामीण बच्चे भी प्रोत्साहन पा कर तरक्की की राह में आगे बढ़े। इसके साथ ही निरन्तर शिविरों के माध्यम से ग्राम में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले चिकित्सक डॉक्टर आईबी वर्मा,डॉक्टर धनराज कोकोदे,डॉक्टर अरुण बिसेन ,डॉक्टर हेमंत बिसेन,डॉक्टर केके गुप्ता,डॉक्टर अमित ठाकरे,डॉक्टर एसएस कटरे,डॉक्टर चित्रेश बिसेन,डॉक्टर यशविन बांपरे,डॉक्टर प्रभात घुले,डॉक्टर चिंतामन बिसेन,डॉक्टर उमेश राणा डॉक्टर मोहन मदरे,आदि का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सेवा प्रदान करने हेतु सम्मान किया गया।

**पत्रकार संघ के कार्यालय का रिबन काट किया शुभारंभ** : मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं पत्रकार साथी जब उकवा नगर में प्रवेश किए तो प्रवेश करते ही उकवा के प्रवेश द्वार रेंज ऑफिस में पहले से उपस्थित उकवा पत्रकार संघ के पदाधिकारियों एवं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित युवाओं द्वारा बड़े गर्म जोशी से बैंड बाजे के साथ गगन भेदी आतिश बाजी कर सभी का स्वागत किया गया,एवं एक भव्य काफिले के साथ सभी का नगर भ्रमण कर बस स्टैंड स्थित नव निर्मित कार्यालय का रिबन काट कर शुभारंभ किया ,जहां उपस्थित मात्र शक्तियों द्वारा सभी अतिथियों का तिलक वंदन कर आरती उतारी गई।

### ईएमटी और पायलट ने दिखाई इंसानियत

## एक साथ दो इंवेंट पर किया काम, घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी**। संजीवनी 108 के ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और पायलट प्रवीण कावरे ने एक बार फिर इंसानियत का परिचय देते हुए एक ही समय में दो इंवेंट पर एक साथ काम किया है. जिससे ना सिर्फ प्रसुति महिला को समय पर उपचार मिला बल्कि एक सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल महिला को समय पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया. यह पूरी घटना सोमवार की दोपहर 02 बजे के आस-पास का है. तिरोड़ी अस्पताल की संजीवनी 108 को खैरलांजी तहसील के ग्राम लीलामा का इंवेट यानी प्रसव पीड़ा का केस लेने के लिए जाना था. संजीवनी 108 वाहन जब लीलामा के लिए रवाना हुई तो खुर्सीपार के पास खेत से घर की तरफ लौट रही महिला रंजीता पति चितरंजन सुलकिया गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली. महिला को वेद डायरे नाम के बाइक चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था. ऐसे में संजीवनी 108 के कर्मचारियों ने बिना किसी प्रक्रिया के मानवता का परिचय देते हुए सीधे घायल महिला को स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी में उपचार के लिए भर्ती करवाया और महिला को भर्ती कराने के बाद सीधे लीलामा के लिए रवाना हो गए. संजीवनी 108 के कर्मचारियों की तत्परता से आज एक ही समय पर दो लोगों को मदद पहुंचाई गई।



**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में युवक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। यह घटना छिंदवाड़ा रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास शनि मंदिर के समीप सोमवार रात करीब 12 बजे हुई। एक बाइक सवार हर्षित राजपूत (35) लखनवाड़ा से सिवनी की ओर आ रहा था। शनि मंदिर के पास पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक चालक जमीन पर गिर गया। उसे सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर कर दिया है। घायल कृषि कार्य करता है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर का कहना है कि सूचना मिली थी कि सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया है। जिसे अस्पताल में एडमिट कराया गया।

# विधायक की फटकार के बाद भी नहीं मिली किसानों को यूरिया

**सहकारी सोसायटी में यूरिया वितरण की अनियमितताओं से किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। सोसायटी में खाद का पर्याप्त स्टॉक मौजूद होने के बावजूद किसानों को बैग उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

लाल माटी क्षेत्र के किसानों ने इस समस्या की शिकायत सिवनी विधायक दिनेश राय 'मुनमुन से की थी। शिकायत पर विधायक 19 अगस्त को स्वयं गोपालगंज सहकारी सोसायटी पहुंचे और किसानों तथा कर्मचारियों से जानकारी ली। कर्मचारियों की मनमानी पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद दी जाए।

लेकिन विधायक की सख्ती के बावजूद हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। लगभग दो सप्ताह बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल पाई है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि वे महज दो से तीन बैग यूरिया के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। इससे बोआई और फसल की बढ़वार पर गंभीर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे।

वहीं, प्रशासन और सहकारी समिति की चुप्पी पर किसानों में गहरी नाराजगी है।

**इनका कहना है -**

विधायक जी के बोलने पर भी आज तक एक भी बैग यूरिया नहीं दी गई। मंगलवार को विधायक जी की जनसुनवाई में पहुंचकर पुनः किसानों की समस्या से अवगत कराएंगे।

**- कुलदीप जायसवाल, सुरेन्द्र सूर्यवंशी,**

### दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पद्दी कोना गांव के पास सुबह 11 बजे दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे में मृतक की पहचान 30 वर्षीय सौरभ यादव के रूप में हुई है। घायल 35 वर्षीय नीलेश झारिया को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

घटना उस समय हुई जब एक बाइक बरेला गांव से घंसौर की ओर आ रही थी। दूसरी बाइक घंसौर से गोरखपुर की तरफ जा रही थी। टक्कर में दोनों राइडर्स को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। दोनों खेती-किसानी का काम करते थे।

## व्यवहार न्यायालय के लिए भवन बनाने भूमि आवंटन करने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**छपारा।** जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने मांग की है कि छपारा तहसील जिला सिवनी में स्थाई रूप से व्यवहार न्यायालय हेतु नए भवन की स्थापना के लिए भूमि आवंटित करने का कष्ट करें पत्र में लिखा है कि वर्ष 2016 से छपारा में तहसील छपारा जिला सिवनी मध्य प्रदेश की जनता जनप्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं द्वारा व्यवहार न्यायालय सिविल कोर्ट खोले जाने हेतु लगातार मांग की जा रही थी इस संबंध में उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा छपारा में लिंक कोर्ट व्यवहार न्यायालय जनवरी 2025 से प्रारंभ की जा चुकी है माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा छपारा में स्थाई व्यवहार न्यायालय खोले जाने हेतु भूमि की जानकारी मांगी गई है महोदय छपारा में खसरा नंबर 270 रकवा 292 हे. भूमि सिंचाई विभाग के नाम से दर्ज थी सिंचाई विभाग का कार्यालय बंद हो चुका है एवं वर्तमान में कुछ भवन गिर चुके हैं एवं कुछ खंडहर हो चुके हैं सिंचाई विभाग की भूमि खसरा नंबर 270 रकबा 292 हे. भूमि में से 0.92 हे. भूमि बर्ष 2010 -11 में स्थाई तहसील कार्यालय छपारा में खुले जाने हेतु कलेक्टर महोदय सिवनी द्वारा भूमि हस्तांतरित की गई है जिसमें वर्तमान में तहसील कोर्ट एवं एस डी ओ रिवेन्यू लिक कोर्ट छपारा मैं संचालित हो रहा है। खसरा नंबर 270 में शेष भूमि खसरा नंबर 270/1 रकवा 2.02 हे. भूमि अभी भी रिक्त है इस रक्त भूमि पर छपारा में व्यवहार न्यायालय हेतु नया भवन निर्मित किया जा सकता है अतः आपसे निवेदन है कि छपारा में व्यवहार न्यायालय के लिए नया भवन हेतु भूमि खसरा नंबर 270/1 रकवा 2.02 हे. भूमि आवंटित करने का कष्ट करें।

# आग लगने से दो गाय और दो बछड़े की मौत

**सिवनी जिले के लखनादौन में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ग्राम बिजोरी में ध्यानसी धुर्वे के खेत पर स्थित पशु-घर में देर रात अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि मिनटों में पूरा घर जलने लगा। इस अग्निकांड में दो गाय और दो बछड़े की मौत हो गई। एक बेल को ग्रामीणों ने बचा लिया। हालांकि, वह गंभीर रूप से झुलस गया है। खेत में रखे लगभग 40 पाइप, 10 नोजल, एक पलका और कपड़े जलकर राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने डायल-112 को सूचित किया। ग्रामीणों ने पानी और गीली मिट्टी से आग बुझाने का प्रयास किया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन को घटना की जानकारी दे दी गई है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। पीड़ित परिवार पहले से ही खेती पर निर्भर है। अब पशुधन और खेती का सामान नष्ट होने से उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है। भविष्य की फसल भी प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता की मांग की है। साथ ही उन्होंने गांव में अग्निशमन यंत्र और त्वरित सहायता की व्यवस्था की मांग भी की है।

# लखनवाड़ा पुलिस ने गांजा तस्कर को पकड़ा




**पुलिस अधीक्षक शिमाला प्रसाद द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डे के नेतृत्व में दिनांक 01.09.2025 को ग्राम खैरीकलां से मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि पुसेरा रोड ग्राम सौरीकलां के बैनगंगा पुल के पास उड़ीसा पासिंग दो मोटर सायकिल में दो व्यक्ति गांजा रखे हुये खड़े है तथा एक व्यक्ति उनके साथ गांजा लेन-देन की बात कर रहा है।

मुखबिर सूचना पर ग्रामीणों एवं स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया। एक अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर मोहम्मद सरफराज खान पिता मोहम्मद अली उम्र 37 साल निवासी मोतीझरन खेतूपार के पास सदर जिला सम्भलपुर राज्य उड़ीसा, मोहम्मद नौशाद पिता मोहम्मद शकील उम्र 47 साल निवासी मोतीझरन थाना धनूपल्ली जिला सम्भलपुर राज्य उड़ीसा एवं पवन बरयानी पिता संतोष बरयानी उम्र 29 साल निवासी बरघाट नाका टैगोर वार्ड सिवनी थाना डूण्डासिवनी सिवनी के रहने वाले बताये। जिनके कब्जे से एक पीली रंग की बौरी में 12 किलो 440 ग्राम गांजा जप्त किया गया। आरोपीयों से अवैध मादक पदार्थ रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज लायसेंस न होने पर आरोपीयों के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# मां गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश दे रही गणेश प्रतिमा बनी जनआकर्षण का केंद्र

बरघाट । नगर के वार्ड नंबर 04 में विक्की अग्रवाल पिता संतोष अग्रवाल के घर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई ,जिसमें इस वर्ष गंगा घाट काशी ( बनारस ) के सभी घाटों को चित्रण विक्की अग्रवाल द्वारा किया गया ।

निवास स्थान पर स्थापित गणेश प्रतिमा जिसमें बनारस का प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट, प्रयाग घाट, दशाशवमेघ घाट, जलासेन घाट, जल प्रदूषण नियंत्रण पंपिंग सिस्टम उत्तर प्रदेश और भगवान गणेश अपने चूहों के साथ मिलकर गंगा की सफाई करते हुए हम सब को माँ गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश दे रहे हैं।

यह झांकी पूरे 10 दिवस तक लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।इस झांकी को देखने के लिए भक्तो का ताता लगा हुआ है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य में किया गया निशुल्क सायकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे निशुल्क सायकिल वितरण कार्यक्रम किया गया। आज दोपहर 12.30 बजे से जिला मुख्यालय सिवनी स्थित शासकीय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा आयोजित विद्यालय मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम विधायक दिनेश राय मुनमुन जी के मुख्य आतिथ्य मे किया गया।

कार्यक्रम मे सर्वप्रथम आपने मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके उपरांत प्राचार्य द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने अपने संबोधन मे आशीर्वचन प्रदान कर विद्यालय मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को सायकिलों का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के करकमलों से एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत विद्यालय मे प्रांगण मे वृक्षारोपण कार्य किया गया। इस अवसर पर गणमान्य जनों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन नागपुर रोड स्थित खैरीटेक पहुंचे। जहां पर आपने प्रतिष्ठित नागरिक श्री हरचंद्र चंद्रवंशी जी के नवीन प्रतिष्ठान शुभम टाईल्स ग्रेनाइट शो रुम का फीता काट कर शुभारंभ किया तथा चंद्रवंशी एवं परिजनों को नवीन प्रतिष्ठान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

## लखनादौन में युवा मंडल दुर्गा उत्सव समिति का गठन

# इस बार 11 दिनों तक चलेगा नवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

आगामी 22 सितंबर 2025 से शुरू हो रहे शारदेय नवरात्रि पर्व को लेकर लखनादौन के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। देवी दुर्गा को संसार की शक्ति का आधार माना जाता है, और इस वर्ष भी इस पर्व को पूरे भक्तिभाव से मनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

नवरात्रि उत्सव की तैयारियों को लेकर विगत दिनों रघुनाथ कॉलोनी, लखनादौन में युवा मंडल की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से युवा मंडल दुर्गा उत्सव समिति का गठन किया गया, ताकि 11 दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।



समिति के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें योगेश सिंह पप्पू को अध्यक्ष चुना गया। इनके साथ, अनिल श्रीवास्तव और महेश वर्मा उपाध्यक्ष, सोमनाथ उईके और गोविंद ठाकुर सचिव, सुलभ अवस्थी और दिलीप सोनी सहसचिव, तथा अतुल पांडे और सुशील गौतम कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रताप उइके, प्रमोद महंत, डी.सी. चंद्रवंशी, प्रदीप अग्रवाल और पं. मनीष शर्मा को संयोजक की भूमिका दी गई है।

समिति के वरिष्ठ सदस्य रमेश यादव ने बताया कि इस बार नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से शुरू होकर 11 दिनों तक चलेगा, और नगर में दशहरे का पर्व 2 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा। पिछले वर्ष की तरह, इस वर्ष भी प्रतिमा का चल समारोह कॉलोनी में ही निकाला जाएगा, जिसके बाद भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा।

इस 11 दिवसीय आयोजन में समिति ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना बनाई है। इसमें अष्टमी के दिन महाआरती, रंगोली और गरबा डांस प्रतियोगिताएं शामिल हैं। दुर्गा प्रतिमा की स्थापना के लिए अभी से एक भव्य पंडाल का निर्माण भी शुरू हो गया है। इस वर्ष भी दुर्गा प्रतिमा जबलपुर से लाई जाएगी, जिससे यह आयोजन और भी खास हो जाएगा।

# राष्ट्रीय स्तर पर जिले को हॉकी खेल से गौरविंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

किसी शायर ने कहा है मत काटो इन बुढ़े बरगदों को बिन बुजुर्गो के बरकत नहीं मिलती, जिले के 80 वर्ष से अधिक उम्र के हॉकी खिलाड़ियों का आज सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान इन खिलाडियों ने कहा कि हम लोगों ने देश के लिए खेला और आज हॉकी खिलाडी मकसूदां मिर्जा ने हमारा सम्मान कर हमें अपने पुराने दिनों को ताजा कर दिया।

हमें खुशी है कि आपके प्रयास से यह स्टोटर्फ मैदान बना जिसमें आधुनिक हॉकी खेली जा रही है जो हाकी खिलाडियो के लिए उपलब्धि है में उन्हें साधुवाद देता हूँ खेल विभाग की डिप्टी डायरेक्टर श्रीमति मिर्जा ने बताया कि मै भले ही सेवानिवृत्त हो गई लेकिन आज भी हॉकी से लगावा है इस अवसर पर यहोशु होलू 85 वर्ष अहफाज खान, 84 वर्ष सिद्दीकी खान सुरेन्द्र नायडू 84 वर्ष कमरूद्दीन जमा एवं इस खेल से जुडे अब्दुल रशीद खान का श्रीफल शाल से सम्मान किया गया, इस अवसर पर एसबी मिर्जा ने कहा कि इस सम्मान से नये खिलाडियों में खेल के प्रति रूचि बढेगी तथा सीनियर के सम्मान कीपरपंरा बनी रहेगी।

आयोजन के दौरान काबिज खान, अयोध्या विश्वकर्मा, पिटू तरवरे, संजय जैन, अशोक नाविक, फैजल खान, असद खान सहित ब्रदर्स क्लब आजाद क्लब सहित खेल प्रशिक्षण देवेन्द्र ठाकुर रंजना भलावी खेल अधिकारी मनु धुर्वे सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

# जिले में अब तक 1062.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 02 सितम्बर 25 तक 1062.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 02 सितम्बर 25 तक विकासखंड सिवनी में 894.2 मि.मी, कुरई में 731.7 मि.मी., बरघाट में 973.4 मि.मी., केवलारी में 1364.4 मि.मी., छपारा 1013.5 मि.मी, लखनादौन में 1046.6 मिमी, धनौरा में 1007.4 मिमी एवं घंसौर में 1571.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 8501.9 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 02 सितम्बर 24 तक कुल 9353.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# खाद्य निरीक्षक अमित चौधरी एवं प्रतीक तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व विभाग के न्यायालयवार बटवारा, अभिलेख दुरूस्तीकरण, नामांतरण आदि के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री एवं स्वामित्व योजना में अपेक्षानुरूप प्रगति न लाने वाले पटवारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। उन्होंने गैर न्यायालयीन कार्यों में संलग्न किए गए तहसीलदारों को सतत रूप से उचित मूल्य दुकानों, उर्वरक वितरण केन्द्रों, स्कूलों, आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को शक्ति से हटाने की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

कलेक्टर सुश्री जैन ने कृषि विभाग से बीज-खाद की उपलब्धता की जानकारी लेकर मांग अनुरूप आपूर्ति यूरिया की उपलब्धता सभी क्षेत्रों सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने खाद्य वितरण संबंधी शिकायतों पर संज्ञान लेकर व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिये हैं साथ ही कालाबाजारी तथा अमानक कृषि आदान सामग्री विक्रय की शिकायतों में भी संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार शक्त कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। इसी तरह जलजीवन मिशन की प्रगति की जानकारी लेकर तय समय सीमा में ही एकल एवं समूह नलजल योजनाओं को पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश पीएचई एवं जलनिगम के अधिकारियों को दिये हैं।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा खाद्य वितरण की समीक्षा के साथ ही खाद्य निरीक्षकों को द्वारा उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण की समीक्षा करते हुए अपेक्षानुरूप संख्या में निरीक्षण न करने को लेकर खाद्य निरीक्षक अमित चौधरी एवं प्रतीक तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने विभिन्न आयोगों से प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं साथ ही विभागवार लंबित हाईकोर्ट के प्रकरणों में जवाब भी समय-सीमा में दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया है।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने धरती आबा अभियान अंतर्गत चयनित ग्रामों के पात्र हितग्राहियों को योजनावार लाभांवित किए जाने की प्रगति के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, जनधन खाते सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ त्वरित रूप से शेष बचे हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने लंबित पेंशन प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा कर समय सीमा में पेंशन प्रकरणों को पेंशन कार्यालय प्रस्तुत न करने वाले जिलाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 156 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय सहित सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा आमजन से प्राप्त विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम इंद्रावाडी निवासी सोनम बोरकर द्वारा बालक का आधार कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम समनापुर सिवनी निवासी रामचरण पिता विजन कतिया द्वारा मकान गिरने से मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम कमकासुर सिवनी निवासी बिस्तोबाई द्वारा कृषि कार्य के लिए रास्ता दिलाये जाने विषयक, ग्राम बांकी सिवनी निवासी गीता बाई द्वारा पट्टायुक्त मकान में त्रुटिवश अन्य का नाम सुधारे जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम घिसी निवासी भागरता गुर्देकर द्वारा राशन दिलाये जाने एवं राशन पर्ची में पुनःनाम जोडे जाने विषयक, ग्राम परासिया थाना बंडोल निवासी इंद्रसेन बागले द्वारा ग्राम में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराये जाने विषयक एवं आईपीपीबी में पिता के नाम जमा राशि का आहरण किये जाने की अनुमति विषयक, ग्राम पांढरवानी बरघाट निवासी शेख ईस्माईल द्वारा नक्शा एवं खसरा दुरूस्त करने विषयक, ग्राम बलारपुर थाना बंडोल निवासी रेवाराम यादव द्वारा सीमांकन नकल दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम आदेगांव निवासी मालती बाई द्वारा वृद्धापेंशन का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम पिपरियाकला निवासी रामप्रसाद द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम पायली खुर्द निवासी खेलनसिंह गौली द्वारा नक्शा दुरूस्त किये जाने विषयक, ग्राम घीसी बरघाट निवासी सागन बाई द्वारा उचित मूलय दुकान से राशन दिलाये जाने विषयक, ग्राम सेलुआकला बरघाट निवासी अनिल धुर्वे द्वारा आवासीय शासकीय भूमि का पट्टे में नाम पृथक किये जाने विषयक, किदवई वार्ड सिवनी निवासी शिवरतन श्रीवास द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के खाते में राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम भोमाटोला सिवनी निवासी सुखचैन सराठे द्वारा गरीबी रेखा सर्वे सूची में नाम दर्ज कराये जाने विषयक, लखनादौन निवासी सदाली लाल धुर्वे द्वारा पेंशन प्रकरण का निराकरण कराये जाने विषयक, ग्राम बाधी सिवनी निवासी भगवत एवं मीरा डहेरिया द्वारा अंतर्जातीय विवाह योजना अंतर्गत राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम बरबसपुर निवासी हेमंत कुमार बरकडे एवं अन्य द्वारा ग्राम पंचायत अंतर्गत शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम टिकारीटोला धनवासी निवासी हेमराज व अन्य द्वारा सुदूर सड़क निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम कलांरबाकी निवासी पिंकी भरत इनवाती द्वारा बिजली कनेक्शन कटने से पानी सप्लाई बंद हो जाने विषयक, ग्राम ढांना बांकी सिवनी निवासी राकेश उइके द्वारा आवेदक की भूमि पर अनावेदकों द्वारा कब्जा एवं मुरम डालकर उसे सलमत किये जाने विषयक, ग्राम दुटेरा केवलारी निवासी धमेन्द्र कुमार नागोत्रा द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त दिलाये जाने विषयक, ग्राम पहाडिया टोला लखनादौन निवासी दुर्गेश कुमार सरयाम एवं अन्य द्वारा शमशान घाट निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम धूमा लखनादौन निवासी गोपाल परते द्वारा शासकीय विद्यालय के पास मांस मछली की दुकानों का परिवर्तित किये जाने विषयक, ग्राम ताखलाखुर्द बरघाट निवासी अनिल कुमार गोडश्वर द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम बखारी बंडोल निवासी रूनीता भारिया द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम बम्हनी गोपालगंज निवासी संगीता पाठक द्वारा भूमि का नक्शा पृथक-पृथक किये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम मोहगांव धोबीसर्रा निवासी संजय कुमार डहेरिया द्वारा मूंग बिक्री की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम देवरीकला छपारा निवासी खेमचंद शिववेदी द्वारा वृद्धपेंशन का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम ककरतला लखनादौन निवासी गीता इनवाती द्वारा पति की मृत्यु उपरांत सहायता राशि दिलाये जाने विषयक सहित कुल 156 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## गनेशगंज क्षेत्र में विराजमान गणपति बप्पा..



हनुमान मंदिर गणेश गंज मे विराजे गणेशजी एवं उनकी बहन अशोक सुंदरी जी



दुर्गा मंदिर गनेशगंज मे विराजे गणेश जी

# डीएफओ अधर गुप्ता के निलंबन को लेकर आदिवासी समाज ने निकाली आक्रोश रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में सोनेवानी अभ्यारण्य में मादा बाघ की रहस्यमय मौत के मामले में आदिवासी समाज ने मंगलवार को आक्रोश रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट और सीसीएफ कार्यालय का घेराव किया।**




वन विभाग ने इस मामले में 6 आदिवासी वन सुरक्षा श्रमिकों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बाघ के शव को बिना प्रोटोकॉल के जला दिया गया। करीब 20 दिन पहले आदिवासी विकास परिषद ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर डीएफओ के निलंबन और निर्दोष आदिवासियों की रिहाई की मांग की थी। आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष संदेश सैयाम ने कहा कि इस मामले में 2 वन कर्मचारियों पर भी केस दर्ज है। लेकिन एक महीने बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला है। उन्होंने डीएफओ अधर गुप्ता पर मामले को दबाने का आरोप लगाया। परिषद के अध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने चेतावनी दी कि अगर डीएफओ का निलंबन नहीं हुआ और गिरफ्तार श्रमिकों को नहीं छोड़ा गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। दरअसल, यह मामला 2 अगस्त को सामने आया था। डिप्टी रेंजर टीकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे अभी भी फरार हैं। दोनों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। एसटीएसएफ मामले की जांच कर रही है।

## शहर को पहले आरओबी की सौगात, निकाली रैली और किया गौरीभाऊ का आत्मीय स्वागत

# वाय आकार के सरेखा आरओबी से यातायात का श्रीगणेश

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बहुप्रतिक्षित सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का गणेशोत्सव के पावन पर्व में यातायात के लिये श्रीगणेश कर दिया गया है। वर्ष 2022 में गौरीभाऊ के प्रयासों से तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इसका भूमिपूजन किया था और तीव्र गति से काम पूरा कर शहर को पहले आरओबी की सौगात दी थी। 3 वर्ष बाद यह आरओबी बनकर तैयार हो गया और 2 सितंबर को औपचारिक रूप से इसका आवागमन के लिये शुभारंभ कर दिया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय से रैली निकाली और नगर भ्रमण किया तथा आरओबी में पहुंचकर पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, सांसद भारती पारधी और भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए आतिशबाजी करते हुए खुशियां जताई।



**मील का पत्थर बनेंगे शहर के 3 आरओबी और एक उच्चस्तरीय पुल:** बालाघाट शहर की बढ़ती जनसंख्या और यातायात के दबाव को लेकर पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने 3 वर्ष पहले आरओबी निर्माण को लेकर प्रयास प्रारंभ किये थे प्रदेश की भाजपा सरकार से अपने सहज स्वभाव की वजह से वे बड़ी सौगातों को पाने तथा विशेष निधि स्वीकृत कराने का दमखम रखते थे। यही वजह है कि बालाघाट को एक नहीं बल्कि 4 आरओबी की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिली। जिसमें सरेखा आरओबी का शुभारंभ कर दिया गया है जबकि गर्रा आरओबी निर्माणाधीन है वहीं भटेरा आरओबी के निर्माण के लिये कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके अतिरिक्त महामृत्युंजय घाट से जागपुर के बीच उच्चस्तरीय पुल की सौगात भी गौरीभाऊ के प्रयासों से मिली है। करोड़ों रूपये की लागत से बनने वाले इन पुलों को लेकर उनकी दूरदृष्टि और नगर विकास में बड़ी भूमिका है जो आगामी समय में मील का पत्थर साबित होंगे।

**नगर में निकाली रैली, खुशियां जताकर की जमकर आतिशबाजी:** 2 सितंबर की शाम 4 बजे के दौरान जिला भाजपा कार्यालय में भाजपाई एकत्रित हुये और भाजपा सरकार तथा गौरीभाऊ की उपलब्धियों को लेकर नारे लगाते हुए रैली ने नगर भ्रमण किया। अम्बेडकर चौक से काली पुतली चौक और यहां से हनुमान चौक पहुंचे। जिसके बाद सरेखा आरओबी के प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, सांसद भारती पारधी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद पैदल ही पुल पर चलते हुए कोसमी तक पहुंचे जहां पर कोसमी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला तथ आतिशबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया। यहां नगरवासियों को शहर के पहले आरओबी में आवागमन प्रारंभ करने की सौगात मिली। अब नियमित रूप से इस आरओबी पर हल्के वाहनों की आवाजाही हो सकेगी।

# एचपीएम कम्पनी के बैच नम्बर KE04 की दवॉ क्लोरोम्युरॉन के जिले में क्रय-विक्रय एवं परिवहन पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

उपसंचालक कृषि एवं जिला अनुज्ञापन अधिकारी श्री फूलसिंह मालवीय ने पौध संरक्षण रसायन निर्माता कंपनी एचपीएम के उत्पाद क्लोरोम्युरॉन इथाइल 25 प्रतिशत WP (ट्रेड नाम Bichlor) (बैच न. KE04) के जिले में क्रय-विक्रय एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावी हो गया है।

प्रदेश के अन्य जिलों में सोयाबीन की फसलो में उक्त कम्पनी के (बैच न. KE04) उत्पाद क्लोरोम्युरॉन इथाइल का उपयोग करने से फसल नष्ट होने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई है। वर्तमान में बालाघाट जिले में उक्त कंपनी के उत्पाद से फसलो में नुकसान की किसी भी प्रकार की शिकायतें दर्ज नहीं की गयी है। किन्तु विभिन्न जिलों में प्राप्त शिकायतों एवं कृषक हितों को ध्यान में रखते हुए कीटनाशी अधिनियम के अंतर्गत निर्माता कंपनी एचपीएम के उत्पाद क्लोरोम्युरॉन इथाइल 25 प्रतिशत WP (ट्रेड नाम Bichlor) (बैंच न. KE04) के जिले में क्रय-विक्रय एवं परिवहन को अगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

# पीएचई के कार्यपालन यंत्री ने पितकोना में नल जल योजना की पाईप लाइन का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके ने 02 सितम्बर को बिरसा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पितकोना में नलजल योजना के लिए बिछाई जा रही पाईप लाईन का निरीक्षण किया और ठेकेदार के कर्मियों को गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक शब्दो में कहा कि भविष्य में कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आएगी तो संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज की जाएगी।



## 92 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए

# जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 02 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 92 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।



जनसुनवाई में किरनापुर तहसील के ग्राम डोंगरगांव का निवासी बुधराम गौतम बीमा राशि दिलाने की मांग लेकर आया था। बुधराम का कहना था कि उसका पुत्र वितेश गौतम विद्युत विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्य करता था। वितेश की मृत्यु 19 जून 2024 को ग्राम लिंगमारा में शासकीय कार्य के दौरान करंट लगने से हो गयी थी, जिसकी बीमा राशि का भुगतान अब तक नही किया गया है। इस प्रकरण में एसई एमपीईबी को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनपद पंचायत परसवाड़ा की ग्राम पंचायत गुदमा की सरपंच श्रीमती मालती वरकड़े ग्राम मे सचिव न होने की शिकायत लेकर आयी थी। उनका कहना था कि ग्राम पंचायत गुदमा में गत 03 वर्षो से सचिव की नियुक्ति नही की गई है। श्रीमती मालती ने बताया कि ग्राम में सचिव न होने के कारण पंचायत के कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। अतः शीघ्र ग्राम पंचायत गुदमा में सचिव नियुक्त किया जाए। सरपंच श्रीमती मालती का कहना था कि पंचायत उपचुनाव के बाद 22 जुलाई 2025 को वह सरपंच के पद पर निर्वाचित हुई है। लेकिन प्रभारी सचिव द्वारा अब तक उसे सरपंच का प्रभार नही दिया गया है। जिसके कारण पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे है। इस प्रकरण में जनपद पंचायत परसवाड़ा के सीईओ को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत एकोड़ी के ग्रामीण ग्राम कोटवार को हटाए जाने की मांग लेकर आए थे। ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम पंचायत एकोड़ी का कोटवार राहुल मेश्राम पद का दुरूपयोग करते हुए अवैध गतिविधियों में सम्मिलित होते है। उसके द्वारा 181 नम्बर पर झूठी शिकायत कर ग्रामीणो को परेशान किया जाता है और सरपंच सचिव पर दबाव बनाकर अवैध रूप से प्रस्ताव पारित करने का भी कार्य किया जाता है। अतः ग्राम एकोड़ी के कोटवार को शीघ्र हटाया जाए। इस प्रकरण में एसडीएम वारासिवनी को मामले की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

लांजी तहसील के अंतग्रत ग्राम पंचायत वारी के दिलीप जामरे वर्ष 2022 से स्वीकृत नलजल योजना का कार्य अब तक प्रारंभ न करने की शिकायत लेकर आए थे। दिलीप का कहना था कि जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत वारी में वर्ष 2022 में नलजल निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई थी, किंतु आज दिनांक तक कार्य प्रारंभ नही किया गया है। अतः शीघ्र ग्राम पंचायत वारी में नलजल योजना के निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाए। इस प्रकरण में पीएचई के ईई को प्रकरण की जांच कर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है।

जनसुनवाई में लांजी के मानसिंह परीमल शिकायत लेकर आए थे कि रायसिंग एंड कम्पनी को सड़क निर्माण के लिए अनुमति दी गई थी। इस सड़क के निर्माण में 832 वृक्ष प्रभावित हो रहे थे। वन विभाग द्वारा इनमें से 300 पेड़ो की कटाई करायी गई है। उनके द्वारा सम्पूर्ण लकड़ियो के लट्ठे, बल्लियॉ एवं जलाऊ चट्ठे की थप्पी लगाकर निकासी का कार्य वन विभाग के अमले के मार्गदर्शन में किया गया है। लेकिन अब वन विभाग द्वारा इस कार्य का भुगतान नही किया जा रहा है और कहा जा रहा है कि ठेकेदार से राशि प्राप्त करें। ठेकेदार इस राशि को देने से मना कर रहा है। अतः उन्हें इस कार्य में लगी 04 लाख 20 हजार 634 रुपये की राशि का भुगतान वन विभाग से कराया जाए।

## तिरोड़ी पुलिस को मिली बड़ी सफलता-

# 24 घंटे के भीतर 2 किशोरी बालिकाओं को सकुशल किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

घर पर नोंक-झोंक के बाद अचानक से लापता हुई 02 किशोरी बालिकाओं को तिरोड़ी पुलिस ने सूचना के 24 घंटे के भीतर दस्तयाब करने में बड़ी सफलता अर्जित की है. इन किशोरी बालिकाओं को आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद मंगलवार की दोपहर 1 बजे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है. ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के कुशल निर्देशन और एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन और तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 02 नाबालिक किशोरियों को सकुशल दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सुपुर्द किया. यह दोनों ही किशोरी बालिकाएं तिरोड़ी थाना क्षेत्र के एक ही गांव की है और दोनों एक ही दिन यानी 31 अगस्त को अपने घर पर विवाद होने के बाद कहीं चले गई थी. बालिकाओं के परिजनों ने 01 सितंबर को थाने में गुम इंसान की शिकायत दर्ज करवाई थी. पुलिस ने अपराध क्रमांक 242, 243 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 137 (2) की कार्रवाई की है. किशोरी बालिकाओं की दस्तयाबी में सहायक उप निरीक्षक मनोज डहेरिया, आरक्षक दिनु बघेल, संदीप अहिरवार, महिला आरक्षक कृतिका वट्टी की भूमिका सराहनीय रही।

## आदर्श दान पत्र सेवा समिति की पहल...

# वनांचल में उम्मीद की नई किरण, बच्चों को मिला शिक्षा का संबल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

तहसील बैहर के पहाड़ी और वनांचल क्षेत्र के ग्राम बिजोरा की शासकीय माध्यमिक शाला में सोमवार का दिन बच्चों के लिए खास रहा। आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट (म.प्र.) एवं जन सहयोग से यहाँ 48 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क स्टेशनरी किट वितरित की गई।समिति के सदस्यों ने बच्चों को केवल स्टेशनरी ही नहीं दी, बल्कि उन्हें शिक्षा का महत्व, स्वास्थ्य अधिकार तथा "गुड टच – बैड टच" जैसी जरूरी जानकारियाँ भी प्रदान कीं। मासूम बच्चों की चमकती आँखें और मुस्कुराते चेहरे देखकर हर कोई भावुक हो उठा।




समिति के सदस्य ने कहा इन मासूम बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी दौलत है। यही हमें लगातार समाजसेवा की ओर बढ़ने की ताक़त देती है।" गौरतलब है कि आदर्श दानपात्र सेवा समिति लगातार शहरी, ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में पहुँचकर जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा और जागरूकता की किरण पहुँचा रही है। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक श्री बी. एल. भलावी, स्टाफ एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

समिति ने सभी सहयोगियों और दानदाताओं श्रीमती कविता चौहान, वसुंधरा बांसोड़, सविता खंडवाहे, सारदा रंगारे, सुजाता वैद्य, स्वर्णालता भलाधारे, शशि डहरवाल, राजमित्रा चोखांद्रे, उषा संभलकर, इंदिरा डोंगरे, आशालता वैद्य, श्री अनूप गुप्ता, आशीष बारमाटे एवं अनिल कुमार कोरे जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए अपील की कि – "जरूरतमंद बच्चों के लिए आगे आएं, क्योंकि शिक्षा ही वह दीपक है जो अंधकार को मिटाकर भविष्य को उजाले से भर देता है।" "हर बच्चा पढ़ेगा, तभी भविष्य सवरेगा।"

# मॉयल के नये कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) बने किशोर चन्द्राकर



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम और मिनी रत्न-ए श्रेणी की शेड्यूल 'ए' कंपनी मॉयल लिमिटेड में नये कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) के रूप में श्री किशोर चन्द्राकर ने 1 सितम्बर को पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजित कुमार सक्सेना, निदेशक (वित्त) राकेश तुमाने, निदेशक (मानव संसाधन) श्रीमती उषा सिंह तथा निदेशक (उत्पादन एवं योजना) एम. एम. अब्दुल्लाह उपस्थित रहे।

श्री चन्द्राकर इससे पूर्व महाप्रबंधक (उत्पादन) का दायित्व संभाल रहे थे। उन्होंने यह पद सेवानिवृत्त प्रशांत करैया के स्थान पर ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री चन्द्राकर ने कहा कि वे मॉयल की प्रगति, उत्पादन क्षमता में वृद्धि और कार्यों में पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने टीमवर्क, नवाचार और सुरक्षा को आगे बढ़ाते हुए मॉयल को खनन क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर उनके मित्रों, परिजनों और स्नेहीजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## नाम परिवर्तन सूचना

**मैं सचिन गौतम पिता श्री भोजलाल गौतम निवासी वार्ड नं. 33 हुलेश नगर गायखुरी रोड़ बालाघाट तहसील व जिला बालाघाट(म.प्र.) का निवासी हूं। यह कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम सचिन कुमार गौतम दर्ज हैं जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम सचिन गौतम दर्ज हैं। जो कि सही व सत्य हैं। यह कि आज दिनांक से मुझे मेरे सही नाम सचिन गौतम के नाम से जाना पहचाना जावें एवं सभी सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम सचिन गौतम लिखा व पढ़ा जावें।**

# पूर्व विधायक नेताम ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज बिरसा।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के द्वारा आयोजित हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत म.प्र. सरकार के द्वारा सभी शासकीय संस्थाओ में एक सितम्बर 2025 को इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु आदेशित किया गया। उसी तारतम्य में म प्र शिक्षक संघ ब्लाक शाखा बिरसा के तत्वाधान में संकुल शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के तहत सभी विद्यालयों के लिए इस कार्यक्रम के संकल्प पत्र एवं पोस्टर का विमोचन किया गया। तत्पश्चात आज सभी विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि, हम मिलकर अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित तथा प्रेरणास्पद बनाएं रखेंगे। हम विद्यालय के संपदा संसाधन तथा समय को राष्ट्रधन मानते हुये उनका संरक्षण और विवेक पूर्वक उपयोग करेंगे। हम विद्यालय में ऐसा वातावरण बनायेंगे, जहां कोई भेदभाव नहीं होगा, हम सभी समभाव से सीखने और सिखाने के पथ पर अग्रसर रहेंगे।हम शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, अपितु चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास और समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे। हम विद्यालय को एक संस्था नहीं, अपितु संस्कार सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्नशील रहेंगे।हम यह दृढ़ संकल्प लेते हैं कि, हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ है, हमारी आत्मा का अभियान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है।इसी भावना के साथ सभी विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने संकल्प को दोहराते हुए राष्ट्रहित में सदैव कार्य करने की शपथ ली। पूर्व विधायक माननीय भगतसिंह नेताम ने संगठन के सभी पदाधिकारीयों को धन्यवाद देते हुए राष्ट्रहित में इस कार्यक्रम की प्रसंशा और सराहना की । निश्चित तौर से इस संकल्प का पालन प्रत्येक विद्यालयो में होने से हमारे सारे विद्यालय तीर्थ, अभिमान और राष्ट्र निर्माण के आधार होगे। इस अवसर पर विनोद हरिद्वाज पूर्व मंडल अध्यक्ष, राजकुमार नायक सरपंच प्रतिनिधि दमोह, शिक्षक संगठन के पदाधिकारी सर्व श्री भागीरथी पांचे, सुजित खोबरागड़े, बी.आर. बिसेन, एस.आर.उके, रुपेश खरोले, जितेन्द्र वासनिक, नंदलाल ग्वालवंशी, सुनिल पंद्रे, एच.के.घोरमारे, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के लिए वरिष्ठ सदस्य श्री हेमेंद्र नेवारे एवं सत्यप्रकाश अन्मोले जी ने सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# 3 से 5 सितम्बर की अवधि में भारी वर्षा की संभावना

बालाघाट। भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल से प्राप्त 05 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में दिनांक 03 से 05 सितम्बर की अवधि में भारी वर्षा होने की संभावना बतायी गई है। इसके साथ ही 06 से 09 सितम्बर की अवधि में हल्की वर्षा के साथ बिजली गिरने, आसमान में मध्यम बादल, आंधी, तूफान की भी संभावना रहेगी। अधिकतम तापमान 29.4 से 31.1 डिग्री सेल्शियस तथा न्यूनतम तापमान 23 से 23.3 डिग्री सेल्शियस तथा सुबह हवा में 93-96 प्रतिशत तथा दोपहर में 87-91 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनो में हवा कि गति लगभग 01 से 04 किलोमीटर प्रति घंटे दक्षिण पश्चिम से उत्तर पश्चिम दिशा में रहने की संभावना है।

## टेकाडीघाट वन समिती के अध्यक्ष पद के चुनाव में प्रणय चौरे ने 45 वोटो से की जीत हासिल

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** वन परिक्षेत्र खैरलांजी के सहायक वन परिक्षेत्र मिरगपुर के अंतर्गत आने वाली वन समिति टेकाडीघाट में सोमवार 1 सितंबर को अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें प्रणय चौरे 45 वोटो से जीत हासिल कर अध्यक्ष पद पर काबिज हुए। प्रणय चौरे के चुनाव जीतने पर उनके सहयोगी व समर्थको द्वार खुशी जाहिर की गई। जानकारी के अनुसार टेकाडीघाट वन समिती के अध्यक्ष पद का चुनाव वन विभाग के द्वारा सोमवार को कराया गया। जिसमे चार उम्मीदवार के द्वारा नामांकन भर कर चुनाव चिन्ह प्राप्त किया जिसके बाद उम्मीदवार के.द्वारा चुनाव प्रचार किया गया।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE • B.Com • M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832